प्रेषक,

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,प्रा0शि0,
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः विविध / 22013-21 / बा.मै.पू.आं. / 2014–15 दिनांक 12 फ़रवरी, 2015

विषयः **शैक्षिक सत्र– 2014–15 में कक्षा– 01 से 08 तक के बच्चों का बाल मैत्रीपूर्ण मूल्यांकन / आंकलन विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सर्व शिक्षा अभियान के शैक्षिक सम्बर्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत शैक्षिक गतिविधियों का आंकलन बाल मैत्रीपूर्ण पद्वति से सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन पद्वति से एवं सम्प्राप्ति आंकलन का सम्पादन किये जाने हेतु जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा विकासखण्डवार शिक्षकों को शैक्षिक अनुसमर्थन प्रदान कर विद्यालय स्तर, पर अध्यापकों के द्वारा स्वयं प्रश्नावली तैयार करवाकर बच्चों का शैक्षिक सम्प्राप्ति आंकलन कर सम्पादन कराये जाने की अपेक्षा की जाती है।

उपरोक्त बाल मैत्रीपूर्ण आंकलन / मूल्यांकन कक्षा–01 से 08 तक राजकीय प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तिथि 13.03.15 से 23.03.15 तक सुनिश्चित की जाती है, समस्त प्रधानाध्यापक उपरोक्त तिथि में बाल मैत्रीपूर्ण मूल्यांकन सम्पन करा लेंवे, रा0प्रा0 विद्यालय / रा0उ0प्रा0 विद्यालयों में प्रधानाध्यापक निम्न तालिकाओं अनुसार बच्चों का आंकलन / मूल्यांकन सम्पन करायेंगे।

शासकीय / अशासकीय प्रा0वि0

हिन्दी	पर्यायवरण अध्ययन	गणित	संस्कृत	अंग्रेजी
16.3.15	17.3.15	18.3.15	19.3.15	20.3.15

शासकीय / अशासकीय उच्च प्रा0वि0

हिन्दी	अंग्रेजी	सा0विषय	गणित	पर्यायवरण	विज्ञान	संस्कृत	कला / शा0शि0
13.3.15	14.3.15	16.3.15	17.3.15	18.3.15	19.3.15	20.3.15	23.3.15

उपरोक्त तिथियों में समस्त सी.आर.सी. अपने संकुलाधीन विद्यालयों का अनुश्रवण करेंगे तथा प्रत्येक छात्र की विषयवार सम्प्राप्ति का आंकलन करना सुनिश्चित करेंगे एवं छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए विशेष प्रयास करेंगे, इसकी रिर्पोट सी.आर.सी. अपने विकासखण्ड में बी.आर.सी. / खण्ड शिक्षा अधिकारी को देंगे व खण्ड शिक्षा अधिकारी रिपोर्ट को जिला शिक्षा अधिकारी को देंगे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रा0शि0 अपनी प्रगति आख्या डायट / निदेशालय / सर्व शिक्षा अभियान / एस.सी.ई.आर.टी. को उपलब्ध करायेंगे।

दिनांक 24.03.2015 से 30.03.2015 तक समस्त अध्यापक जिस विषय में छात्रों की सम्प्राप्ति कम है उसके लिए सी.आर.सी. / बी.आर.सी. कार्य योजना तैयार कर अपने

संकुलाधीन विद्यालयों में सम्प्राप्ति स्तर की वृद्धि हेतु प्रयास करेंगे, दिनांक 31.03.2015 को छात्र/छात्राओं का सम्प्राप्ति स्तर के आधार पर मूल्यांकन को प्रत्येक विद्यालय में अभिभावकों के समक्ष घोषित किया जायेगा। 01 अप्रैल,2015 से नई कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश सुनिश्चित किये जायेंगे।

भवदीय,

(आशारानी पैन्यूली)
प्रभारी अपर निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।

पृष्ठांकन संख्याः– विविध/ 22013-21/बा.मै.पू.आं./2014–15 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा/राज्य परियोजना निदेशक उत्तराखण्ड।
2. निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
3. प्रभारी निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखण्ड।
4. अपर निदेशक, गढवाल एवं कुमाऊँ मण्डल उत्तराखण्ड।
5. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।
6. समस्त डायट प्राचार्य उत्तराखण्ड।
7. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड, द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी।
8. समस्त बी.आर.सी./सी.आर.सी. उत्तराखण्ड, द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी ।
9. समस्त प्रधानाध्यापक, प्रा0वि0/उच्च प्रा0वि0 उत्तराखण्ड,द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी।

(आशारानी पैन्यूली)
प्रभारी अपर निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।